सं0 2680–सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ, जनपद हाथरस अपनी सीमा में स्थित शत-प्रतिशत भवन व भूमि की सम्पत्ति कर से आच्छादित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन के आदेश संख्या 408/नौ-9-10-63ज/95 टी0सी0, नगर विकास अनुभाग-9, लखनऊ, दिनांक 22 फरवरी, 2010, शासनादेश संख्या 1278/9-9-12-205ज/17, नगर विकास अनुभाग-9, लखनऊ, दिनांक 08 जून, 2017 के अनुपालन में नगरपालिका सीमान्तर्गत स्थित सम्पत्तियों पर सम्पत्तिकर, गृहकर एवं जलकर के प्रत्येक दो वर्ष में (द्विवार्षिक) कर निर्धारण हेतु नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298(1) के अनुसार स्वतः कर निर्धारण नियमावली, 2019 बनाई गई है, जो शासकीय गजट में प्रकाशित होने की तिथि से प्रभावी होगी। इस नियमावली/उपविधि को बोर्ड बैठक दिनांक 09 जनवरी, 2019 के प्रस्ताव संख्या 4 के अधीन स्वीकृति प्रदान की गई है, स्वकर कर निर्धारण नियमावली वर्ष, 2019 एवं नियमावली के किसी भी बिन्दु पर आपत्ति के लिये पत्रांक संख्या 2469, दिनांक 29 मई, 2019 के द्वारा दिनांक 30 मई, 2019 को "अमर उजाला", "दैनिक जागरण" एवं "हिन्दुस्तान" के अंकों में प्रकाशन कराया गया है। किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह नियमावली के प्रकाशन की तिथि से एक पखवाड़ा अर्थात् 15 दिवस के अन्दर कार्यालय को लिखित रूप से आपत्ति प्राप्त करायें, लेकिन किसी के द्वारा कोई आपत्ति कार्यालय को प्राप्त नहीं करायी गयी है।

नियमावली

1–**नाम**–यह नियमावली स्वकर निर्धारण नियमावली नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ (हाथरस) के नाम से जानी जायेगी, जिसका तात्पर्य नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ सीमान्तर्गत सम्पत्तियों पर गृहकर एवं जलकर अधिरोपण एवं उद्ग्रहण से है। उक्त गृहकर एवं जलकर नियमावली प्रभावी होने के दिनांक से नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ में लागू पूर्व गृहकर एवं जलकर नियमावली निष्प्रभावी हो जायेगी।

2–**अर्थ**–स्वकर निर्धारण प्रणाली के अन्तर्गत भवन स्वामी स्वयं ही अपने भवन की माप कर इस नियमावली में उल्लिखित शर्तों एवं करों के आधार पर गणना कर भवन पर कर निर्धारण कर सकेगा।

3–**परिभाषायें**–इस नियमावली में–

(i) "नगरपालिका" से तात्पर्य नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ (हाथरस) से है।

(ii) "अधिनियम" से तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ (हाथरस) से है।

(iii) "अधिशासी अधिकारी" का तात्पर्य अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ (हाथरस) से है, जो कर निर्धारण का अधिकारी होगा। अधिशासी अधिकारी कर निर्धारण शक्तियों का प्रयोग अपने अधीनस्थ, कर अधीक्षक/राजस्व निरीक्षक अथवा समय-समय पर अधिशासी अधिकारी द्वारा निहित प्राधिकारी द्वारा किया जायेगा।

(iv) "अध्यक्ष/प्रशासक/बोर्ड" का तात्पर्य नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ (हाथरस) से है।

(v) "भवन/भूमि" से तात्पर्य नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ (हाथरस) की सीमा में स्थिति भवन/भूमि से है।

(vi) "स्वामी" का तात्पर्य नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ (हाथरस) की सीमान्तर्गत भवन एवं भूमि के स्वामी से है।

(vii) "अध्यासी" का तात्पर्य नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ (हाथरस) की सीमान्तर्गत भवन एवं भूमि पर अध्यासन करने वाले व्यक्तियों से है।

(viii) "स्वकर निर्धारण" से तात्पर्य उस व्यवस्था से है, जिसे उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अपने आदेश संख्या 408/नौ-9-10-63ज/95 टी0सी0, दिनांक 22 फरवरी, 2010 एवं शासनादेश संख्या 1275/नौ-9-10-63 ज/12, नगर विकास अनुभाग-9, लखनऊ, दिनांक 10 सितम्बर, 2012 एवं शासनादेश संख्या 428/नौ-9-2017-38ज/17, नगर विकास अनुभाग-9, लखनऊ, दिनांक 08 जून, 2017 के द्वारा उत्तर प्रदेश की समस्त निकायों में लागू किया गया है।

(ix) "आवासीय भवन" से तात्पर्य उस भवन से है जिसका प्रयोग/स्वामी/अध्यासी द्वारा निवास (अध्यासन) के रूप में किया जा रहा है।

(x) "व्यावसायिक भवन" से तात्पर्य उस भवन से है जिसमें आवासीय के साथ-साथ व्यावसायिक गतिविधियां भी संचालित हो रही हों।

(xi) "मिश्रित भवन" से तात्पर्य उस भवन से है जिसमें आवासीय के साथ-साथ व्यावसायिक गतिविधियां भी संचालित हो रही हैं।

(xii) "पक्का भवन" से तात्पर्य ऐसे भवन से है जिसकी छत आर0सी0सी0 या आर0बी0सी0 पद्धति से निर्मित हो तथा आधुनिक भवन निर्माण सामग्री का प्रयोग किया गया हो।

(xiii) "अन्य पक्का भवन" से तात्पर्य ऐसे भवन से है जिसकी कड़ी, पटियों से निर्मित हो।

(xiv) "कच्चा भवन" से तात्पर्य ऐसे भवन से है जिसकी छत अस्थायी साधनों यथा छप्पर, टीन शेड, प्लास्टिक, लोहा, सीमेन्ट की चादर इत्यादि से निर्मित हो।

(xv) "मासिक किराया" से तात्पर्य इस नियमावली में भवन/भूमि के कारपेट आच्छादित क्षेत्रफल के लिये निर्धारित प्रतिवर्ग फुट किराये से है।

(xvi) "वार्षिक मूल्य" से तात्पर्य नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 140 में उल्लिखित वार्षिक मूल्य से है।

(xvii) "आच्छादित क्षेत्रफल" से तात्पर्य उस निर्मित भवन के प्रत्येक तल के कुल आच्छादित क्षेत्र से है।

(xviii) "कारपेट एरिया" से तात्पर्य भवन के उस क्षेत्र से है जहां कारपेट बिछाया जा सके।

(xix) "मोहल्ले की श्रेणी" से तात्पर्य मोहल्ले के विकास की स्थिति, भवनों की स्थिति, नाली, सड़क, खड़न्जा, लोगों के स्थायी रहन-सहन से है।

(xx) "मार्ग की चौड़ाई" से तात्पर्य मार्ग के दोनों ओर स्थित दोनों सरकारी नाली/नाला के बीच की दूरी से है।

(xxi) "करों का आरोपण एवं उद्ग्रहण" का उद्देश्य मात्र सार्वजनिक प्रयोजनार्थ कर अधिरोपण से है। किसी भी प्रकार के स्वामित्व निर्धारण से इसका कोई सम्बन्ध नहीं है।

4—वार्षिक मूल्यांकन के आधार पर आंगणित कर से सम्बन्धित आधारभूत तथ्य—

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका क्षेत्र या उसके भाग में नियमावली में निहित रीति के अनुसार क्षेत्रवार समय-समय पर किराया दर और कर निर्धारण सूची तैयार करायेंगे।

(क) इस अधिनियम के किसी भी अन्य उपबन्ध में किसी बात के प्रतिकूल होते हुये भी किसी भवन के सम्बन्ध में कर भुगतान के लिये प्राथमिक रूप से उत्तरदायी स्वामी या अध्यासी अपने द्वारा संदेय सम्पत्ति कर की धनराशि के सम्बन्ध में प्रतिवर्ष अपनी देनदारी का निर्धारण स्वयं कर सकता है और ऐसा करने में वह धारा 140 के उपबन्धों के अनुसार भवन के वार्षिक मूल्य का अवधारण स्वयं कर सकता है और अपने द्वारा इस रीति से इस प्रकार निर्धारित करने के साथ ऐसे स्वनिर्धारण विवरण ऐसे प्रपत्र में जैसा कि विदित किया जाये जमा कर सकता है।

(ख) सर्वेक्षण के दौरान आवासीय और व्यावसायिक भवनों की पृथक्-पृथक् संख्या आवंटित की जायें। यदि कोई भवन आवासीय है तो उसको 1-1 और 1-2 तथा यदि भवन व्यावसायिक है तो इसे उसे 1-1 सी, 1-2 सी आदि डाले जायेंगे और यदि भवन मिश्रित है तो उसे 1-1 सी आर संख्या डाली जायेगी।

(ग) व्यवसायिक भवनों पर कर निर्धारण नगरपालिका अधिनियम, 1916 में उल्लिखित नियमों के अनुसार आवासीय भवनों की तुला में 12 गुणा किया जायेगा।

(घ) भवनों का पूर्ण विवरण निर्धारित प्रपत्र पर भरकर नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ (हाथरस) के कार्यालय में जमा किया जायेगा और यदि भवन निर्माणाधीन है तो निर्माण पूर्ण होने के 15 दिवस के अन्दर नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र पर विवरण भरकर जमा करना होगा।

(ङ) यदि 15 दिवस के अन्दर स्वकर निर्धारण प्रणाली के अनुसार भवन स्वामी/अध्यासी द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर सूचना भर कर नगरपालिका में जमा नहीं की जाती है तो नगरपालिका उक्त सम्पत्ति का वार्षिक मूल्य आंकलित कर स्वतः ही कर निर्धारित कर देगी जिसे भवन स्वामी/अध्यासी को अनिवार्य रूप से देना होगा।

5—कारपेट एरिया की गणना निम्नानुसार की जायेगी—

(1) कक्ष—आन्तरिक आयाम की पूर्ण माप।

(2) आच्छादित बरामदा—आन्तरिक आयाम की पूर्ण माप।

(3) बालकनी, गलियारा, रसोई घर और भण्डार गृह—आन्तरिक आयाम की 50 प्रतिशत माप।

(4) गैराज—आन्तरिक आयाम की चौथाई माप अथवा कारपेट एरिया—आच्छादित क्षेत्रफल का 80 प्रतिशत भाग।

नोट—स्नानागार, शौचालय, द्वार मण्डप और जीना से आच्छादित क्षेत्रफल कारपेट का अंग नहीं होगा।

6–**कर निर्धारण**–कर का निर्धारण निम्नांकित के आधार पर किया जायेगा–

(क) **वार्षिक मूल्य की गणना**–वार्षिक मूल्य=कारपेट एरिया × निर्धारित प्रति ईकाई का क्षेत्रफल किराया दर × 12

आच्छादित क्षेत्रफल का 80 प्रतिशत × निर्धारित प्रति इकाई का क्षेत्रफल किराया दर × 12

(ख) **कर निर्धारण दर**– गृहकर वार्षिक मूल्य का 7 प्रतिशत तथा जलकर वार्षिक मूल्य का 10 प्रतिशत देय होगा।

7–**करों का भुगतान**–अधिशासी अधिकारी या उनके द्वारा प्राधिकृत बनाये गये नियम के अधीन निर्धारित भवन/भूमि (सम्पत्ति) कर के भुगतान हेतु स्वामी/अध्यासी को बिल प्रेषित करेगा, जिसमें एक ऐसा दिनांक निर्दिष्ट होगा जो नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ कार्यालय अथवा उसके द्वारा अधिसूचित बैंक में नियमानुसार कर का भुगतान किया जायेगा। स्वःकर निर्धारण का भुगतान सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किये जाने पर भी निर्धारित तिथि तक जमा किया जायेगा। निर्धारित अवधि में कर की वसूली की जायेगी। कर का भुगतान समय से न करने पर नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ (हाथरस) उसे नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा (क) एवं 291 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये भू-राजस्व के रूप में वसूल करने हेतु स्वतंत्र होगी।

8–**स्वतः अध्यासित भवनों के लिये छूट**–

(क) 10 वर्ष तक के पुराने भवनों के वार्षिक मूल्यांकन में 25 प्रतिशत की छूट अनुमन्य होगी।

(ख) 10 वर्ष से 20 वर्ष तक के पुराने भवनों के वार्षिक मूल्यांकन में 32.5 प्रतिशत की छूट अनुमन्य होगी।

(ग) 20 वर्ष से अधिक पुराने भवनों के वार्षिक मूल्यांकन में 40 प्रतिशत की छूट अनुमन्य होगी।

9–**किराये पर उठे आवासीय भवन**–

(क) [1] 10 वर्ष तक के पुराने भवनों के वार्षिक मूल्यांकन में 25 प्रतिशत की वृद्धि की जायेगी।

[2] 10 से 20 वर्ष तक के पुराने भवनों के वार्षिक मूल्यांकन में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि की जायेगी।

[3] 20 वर्ष से अधिक पुराने भवनों के वार्षिक मूल्यांकन में कोई वृद्धि नहीं होगी।

(ख) किराये पर उठे व्यवसायिक भवन का मूल्यांकन अनुबन्ध में उल्लिखित वास्तविक किराये या किराया मूल्यांकन जो अधिक हो से किया जायेगा।

10–**व्यावसायिक सम्पत्तियों से तात्पर्य**–वह सभी प्रकार की सम्पत्तियां जिन पर किसी प्रकार का व्यवसाय कार्य किया जा रहा हो।

11–**औद्योगिक सम्पत्तियों से तात्पर्य**–वह सभी प्रकार की सम्पत्तियां जिन पर किसी प्रकार का औद्योगिक कार्य किया जा रहा हो।

12–**निम्नलिखित सम्पत्तियां करों के उद्ग्रहण से मुक्त होंगी**–

(क) मृतकों के निस्तारण से सम्बन्धित प्रयोजन के लिये अनन्य रूप से प्रयुक्त भवन या भूमि।

(ख) भवनों और भूमि या उनके भाग, जिनका अधिभोग और उपभोग अनन्य रूप से सार्वजनिक पूजा या धर्मार्थ प्रायोजनों, अनुसंधान एवं विकास के सरकारी सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त संस्थानों के मैदान, कृषि क्षेत्र और उद्यान, सरकारी सहायता प्राप्त या गैर सरकारी सहायता प्राप्त शैक्षणिक संस्थाओं के खेल के मैदान या क्रीड़ा स्टेडियम के लिये किया जाता हो।

(ग) भवन, जिनका उपयोग अनन्य रूप से विद्यालय या इण्टरमीडिएट कालेज के रूप में किया जाता हो, चाहे वे राज्य सरकार द्वारा मान्यता हो अथवा न हो।

(घ) प्राचीन स्मारक परिरक्षण अधिनियम, 1904 में यथा परिभाषित प्राचीन संस्मारक, जो किसी ऐसे संस्मारक के सम्बन्ध में राज्य सरकार के किसी निर्देश के अध्याधीन हो।

(ङ) किसी स्वामी द्वारा अध्यासित ऐसा आवासीय भवन जो 30 वर्ग मी0 के माप वाले या 15 वर्ग मी0 तक के कारपेट क्षेत्रफल वाले भूखण्ड पर निर्मित हो, परन्तु उसके स्वामी के स्वामित्व में नगरपालिका सीमान्तर्गत कोई अन्य भवन न हो।

(च) सेवारत/सेवानिवृत्त सैन्य कर्मचारियों द्वारा स्वयं के उपयोग हेतु प्रयुक्त भवन का सामान्य कर शासनादेश के अधीन होगा।

(छ) समस्त भवन एवं सम्पत्ति जो नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ के स्वामित्व में हो।

नोट–परन्तु उक्त सम्पत्तियों में यदि अन्य व्यवसायिक कार्य किया जाता है, तो तदानुसार उन पर कर निर्धारण एवं उद्ग्रहण किया जायेगा।

स्पष्टीकरण–उ0प्र0 शहरी भवन (किराये पर देने, किराये तथा बेदखली का विनियमन) अधिनियम, 1972 के प्रयोजन के लिये किसी भवन का मानक किराया, अनुबन्धित किराया या युक्तियुक्त वार्षिक किराये को भवन के वार्षिक मूल्य की गणना करते समय हिसाब में नहीं लिया जायेगा बल्कि उसके किराये का निर्धारण उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 के प्राविधानों के अनुसार किया जायेगा ऐसे भवनों के करों की देयता अब किरायेदार की होगी।

13–जिन भवनों/व्यापारिक भवनों के किरायेदार/अध्यासी को ही गृहकर, जलकर का भुगतान करना होगा, परन्तु करों के भुगतान से उसका स्वामित्व सिद्ध नहीं होगा।

14–(क) गृहकर एवं जलकर की देयता वार्षिक होगी अर्थात् 01 अप्रैल से 31 मार्च तक।

(ख) लगातार दो वर्ष तक करों का भुगतान न करने पर सम्बन्धित करदाता से 5 प्रतिशत सरचार्ज वसूला जायेगा।

15–**अर्थदण्ड**–उ0 प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 299(1) में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ (हाथरस) आदेश करती है कि उपर्युक्त नियमावली के किसी भी नियम का उल्लंघन करना दण्डनीय अपराध होगा, जिसके जुर्माने की सीमा रु0 1,000.00 (एक हजार रुपये मात्र) तक हो सकती है और यदि उल्लंघन जारी रहे तो प्रथम दोष सिद्ध होने के दिनांक के पश्चात् से प्रत्येक दिन के लिये जिसके बारे में ये सिद्ध हो जाये कि अपराधी अपराध करता रहा है, अतिरिक्त जुर्माना किया जा सकता है, जो कि रु0 25.00 (पच्चीस रु0 मात्र) प्रतिदिन हो सकता है।

16–जब कभी भवन स्वामी द्वारा अध्यासित भवन को किराये पर दिया गया हो या किराये से वापस अपने अध्यासन में लिया गया हो तो इसके 03 माह के अन्दर प्रपत्र 'ख' में ही पुनः विवरण प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

17–जब कभी भवन के कारपेट एरिया/भूमि के क्षेत्रफल अथवा दोनों में कोई परिवर्तन या परिवर्द्धन किया जाता है तो इसके 03 माह के अन्दर यथा स्थिति भवन स्वामी/अध्यासी द्वारा प्रपत्र 'ख' में ही पुनः विवरण प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

18–जिन भवनों/भूमि को नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ द्वारा भवन/भूमि की संज्ञा दी जा चुकी है, उन्हें भी प्रपत्र 'क' और 'ख' पर उपरोक्तानुसार भरकर जमा करना अनिवार्य है तथा उनके भवन/भूमि पर यदि कोई पूर्व बकाया है, तो प्रपत्र 'क' के अनुसार देय कर एवं कर भी जमा करेंगे।

19–**मकानों के हस्तान्तरण सम्बन्धी नियम**–नगरपालिका विशेष परिस्थितियों में–

(क) यदि किसी भवन अथवा भूमि का जिस पर कर आरोपित है बैनामा के आधार पर स्वामित्व हस्तान्तरित होता है, तो स्वामित्व पाने वाला व्यक्ति या संस्था ऐसे हस्तान्तरण की सूचना नगरपालिका को 03 माह के अन्दर देना अनिवार्य होगा। अन्यथा 03 माह उपरान्त और 01 वर्ष के अन्दर सूचना देने पर बैनामा में अंकित मालियत/सरकारी मूल्यांकित दर की धनराशि का 01 प्रतिशत विलम्ब शुल्क जमा करना होगा। अन्यथा रु0 50.00 प्रतिवर्ष की दर से अतिरिक्त विलम्ब शुल्क भी देय होगा। तदानुसार नगरपालिका नियमानुसार नामान्तरण की कार्यवाही सुनिश्चित करेगी।

(ख) यदि किसी करदाता अथवा भवन/भूमि के स्वामी की मृत्यु हो जाती है, तो उसके वारिस को करदाता की मृत्यु दिनांक का प्रमाण-पत्र एवं वारिसान प्रमाण-पत्र 03 माह के अन्दर लिखित सूचना देना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में 03 माह उपरान्त और 01 वर्ष के अन्दर उसकी सूचना देने पर अंकन रु0 1,000.00 विलम्ब शुल्क देना होगा। अन्यथा रु0 50.00 प्रतिवर्ष की दर से अतिरिक्त विलम्ब शुल्क भी देय होगा। तदानुसार नगरपालिका नियमानुसार नामान्तरण की कार्यवाही सुनिश्चित करेगी।

20–**मुख्य मार्ग का तात्पर्य**–मुख्य मार्ग में वे सभी सड़के आयेंगी, जिसकी चौड़ाई 30 फुट तक है।

21–**अन्य मार्ग का तात्पर्य**–मुख्य मार्ग से अन्दर के मार्ग व मोहल्ला/कालोनी में जाने वाली सड़कें एवं समस्त गलियां अन्य मार्गों में आयेंगी।

22–प्रतिवर्ग फुट मासिक किराये का तात्पर्य अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ द्वारा सत्यापित मासिक किराया प्रतिवर्ग फुट से है।

23–अन्तिम निर्णय अधिशासी अधिकारी में निहित होगा।

24–आपत्तियों का निराकरण एवं निस्तारण अधिशासी अधिकारी अथवा उसके द्वारा गठित समिति द्वारा किया जायेगा।

25–कर निर्धारण सूची/पंजिका में भवन/भूखण्ड के स्वामियों के नामों एवं गृहकर एवं जलकर में परिवर्तन अधिशासी अधिकारी अथवा उसके द्वारा गठित समिति द्वारा किया जायेगा।

26–नगरपालिका द्वारा अपने किसी प्रकार के पेयजल संसाधनों से सर्वसाधारण को पेयजल उपलब्ध कराये जाने वाले अधिष्ठान से 200 मीटर अर्द्धव्यास के भीतर सम्पत्तियों पर जलकर का अधिरोपण एवं उद्ग्रहण किया जायेगा। जलमूल्य एवं मीटर किराये का निर्धारण जल सम्भरण एवं जल परिवय नियमावली तथा शासनादेश संख्या 960/नौ-2-2013-95 सा/2009, दिनांक 26 अप्रैल, 2013 अथवा समय-समय पर जारी शासनादेश के अनुक्रम में किया जायेगा।

27–अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ (हाथरस) को प्रत्येक दो वर्ष में करों का पुनरीक्षण/पुनः निर्धारण का अधिकार होगा। अपरिहार्य परिस्थितियों में यदि प्रत्येक दो वर्ष में सम्पत्ति कर, गृहकर एवं जलकर आदि के पुननिर्धारण नहीं हो सका तो अधिशासी अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वे न्यूनतम 10 प्रतिशत की वृद्धि कर के करों की वसूली सुनिश्चित करायेंगे।

28–नगरपालिका द्वारा प्रत्येक तीन माह में भवनों के नवनिर्माण/परिवर्धन/परिवर्तन की स्थिति में कराच्छादन हेतु सर्वे करायेगी तथा उन पर तत्समय प्रचलित दरों पर कर निर्धारण करेगी तथा कर निर्धारण सूची में परिवर्धन करेगी। इस प्रकार परिवर्तित करों का भुगतान स्वामी/अध्यासी अनिवार्य रूप से करना होगा।

29–स्वःकर निर्धारण के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर सूचना देनी होगी। गलत सूचना देने पर अंकन रु0 5,000.00 अर्थदण्ड देना होगा तदानुसार नगरपालिका अधिनियम, 1916 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

30–अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ द्वारा अपनी सीमान्तर्गत स्थित भवनों/भूमियों का वार्षिक मूल्यांकन निम्न दरों पर निर्धारित किया जायेगा।

सम्पत्ति कर (गृहकर व जलकर) स्वमूल्यांकन व्यवस्था का विवरण वर्गवार निर्धारण मासिक किराया दर प्रतिवर्ग फुट (रुपये में)

भवन की प्रकृति, फर्श की प्रकृति/ सड़क की प्रकृति	पक्का भवन (R.C.C.)	पक्का भवन (R.C.C.)	अन्य पक्का भवन	कच्चा भवन	भूमि/प्लाट
क (24 मी0 से अधिक चौड़ी सड़क पर स्थित भवन)	2.00	1.50	1.00	0.75	0.75
ख (12 से 24 मी0 तक चौड़ी सड़क पर स्थित भवन)	1.50	1.25	1.00	0.50	0.50
ग (12 मी0 से कम चौड़ी सड़क पर स्थित भवन)	1.25	1.00	0.75	0.50	0.50

सरोज देवी,
अध्यक्ष,
नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ,
हाथरस।

कार्यालय, नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ (हाथरस)

01 अगस्त, 2019 ई0

सं0 2668—नगरपालिका अधिनियम, 2016 की दिनांक धारा 128 की उपधारा (7) के प्रावधानों के अनुसार नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ सीमान्तर्गत ई-रिक्शा/ई-कार्डस/ई-भार वाहन विनियमित एवं नियंत्रित करने की उपविधि बनाने हेतु पालिका बोर्ड द्वारा प्रस्ताव संख्या 04 के बिन्दु संख्या 02, दिनांक 09 जनवरी, 2019 के द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई है, उक्त उपविधि का प्रकाशन कार्यालय के पत्र संख्या 2217, दिनांक 12 फरवरी, 2019 के द्वारा दैनिक "अमर उजाला", "हिन्दुस्तान" एवं "दैनिक जागरण", दिनांक 13 फरवरी, 2019 के अंक में इस तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति/सुझाव कार्यालय, नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ (हाथरस) में प्रस्तुत कर सकता है। लेकिन निर्धारित समयावधि में कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुआ है।

तदुपरान्त पालिका बोर्ड द्वारा प्रस्ताव संख्या 04 के बिन्दु सं0 02, दिनांक 09 जनवरी, 2019 के द्वारा उक्त उपविधि को सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया है।

अतः ई-रिक्शा/ई-कार्डस/ई-भार वाहन सम्बन्धी उपविधि को वसूली के लिये सरकारी गजट में किये जाने हेतु सादर प्रेषित है।

उपविधि

1—यह उपविधि पालिका सीमान्तर्गत ई-रिक्शा/ई-कार्डस/ई-भार वाहन विनियमित एवं नियंत्रित करने की उपविधि नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ, 2018 कहलायेगी।

2—यह उपविधि सरकारी गजट, उ0प्र0 में प्रकाशित होने की तिथि से प्रभावी होगी।

3—**परिभाषा**—इस उपविधियों में अब तक विषय अथवा प्रसंग से कोई बात प्रतिकूल न हो—

(क) "अधिनियम" का तात्पर्य नगरपालिका अधिनियम, 1916 से है।

(ख) "बोर्ड" का तात्पर्य नगरपालिका परिषद् बोर्ड, सिकन्दराराऊ से है।

(ग) "सीमान्तर्गत" से तात्पर्य नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ की सीमा से है।

(घ) "अध्यक्ष" का तात्पर्य नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ के अध्यक्ष से है।

(ङ) "अधिशासी अधिकारी" का तात्पर्य नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ के अधिशासी अधिकारी से है।

(च) "अनुज्ञप्ति अधिकारी" से तात्पर्य अधिशासी अधिकारी जिस अधिकारी को अनुज्ञप्ति जारी करने हेतु नामित करें, प्रभारी अधिकारी लाइसेंस/कर अधीक्षक लाइसेंस से है।

(छ) "अनुज्ञप्ति ग्रहिता" का तात्पर्य उस व्यक्ति से है, जो ई-रिक्शा/ई-कार्डस/ई-भार वाहन चलाने की अनुमति प्राप्त किया हो।

लाइसेंस की शर्तें एवं नियम—

सिकन्दराराऊ नगरपालिका की सीमान्तर्गत अनुज्ञप्ति अधिकारी से अनुज्ञप्ति प्राप्त किये बिना कोई ई-रिक्शा/ई-कार्डस/ई-भार वाहन नहीं चलाया जा सकता है। निम्नलिखित दशा में ई-रिक्शा/ई-कार्डस/ई-भार वाहन का अनुज्ञप्ति-पत्र दिया जा सकेगा अथवा नवीनीकरण हो सकेगा—

(1) ई-रिक्शा/ई-कार्डस/ई-भार वाहन सुदृढ़ तथा चालू अवस्था में हो।

(2) ई-रिक्शा/ई-कार्डस/ई-भार वाहन के लिये भविष्य में सम्भागीय परिवहन विभाग द्वारा उक्त वाहन का लाइसेंस निर्गत किया जाता है, तो नगरपालिका कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(3) ई-रिक्शा/ई-कार्डस/ई-भार वाहन चालक की आयु 18 वर्ष से 60 वर्ष होगी तथा चालक स्वस्थ्य हो तथा किसी भी संक्रामित ग्रस्त न हो, रिक्शा पंजीकरण एवं नवीनीकरण करते समय चिकित्सक स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। शासन द्वारा स्वीकृत आकार व स्वरूप के अनुरूप हो।

(4) ई-रिक्शा/ई-कार्डस/ई-भार वाहन की छतरी पानी रोकने वाले वस्त्र अथवा अन्य पदार्थ की हो और सवारी सीट के अन्दर कुशन का अस्तर हो अथवा रेगजीन की बनी हो।

(5) ई-रिक्शा/ई-कार्डस/ई-भार वाहन में हेड लाइट, घण्टी और खतरा सूचक लालबत्ती बीच में पीछे हो।

(6) नगरपालिका द्वारा अनधिकृत रूप से पकड़े गये ई-रिक्शा/ई-कार्डस/ई-भार वाहन चलित पर रु0 50.00 प्रति दिवस अर्थदण्ड देय होगा तथा 15 दिवस के पश्चात् अधिशासी अधिकारी अनुज्ञप्ति अधिकारी द्वारा ई-रिक्शा स्वामी को सूचना देकर और दैनिक समाचार-पत्रों में प्रकाशन कराने के पश्चात् ई-रिक्शा/ई-कार्डस/ई-भार वाहन को नीलाम कर दिया जायेगा। नीलामी अवधि समाप्त होने से पूर्व समस्त व्यय और अवशेष अनुज्ञप्ति शुल्क देने पर ई-रिक्शा मुक्त करा सकेगा।

अनुज्ञप्ति ग्रहित को निम्नलिखित प्रतिबन्धों का पालन करना आवश्यक होगा–

1–कोई भी अनुज्ञप्ति न तो किसी निषेध दृष्य का प्रयोग करेगा न ही किसी ई-रिक्शा में बैठने वाली सवारी को ऐसा करने देगा। किसी भी प्रकार का मद्यपान जिनमें एल्कोहल अधिक हो, प्रयोग अथवा सेवन नहीं करेगा।

2–अधिशासी अधिकारी एवं अनुज्ञप्ति अधिकारी उसके द्वारा अधिकृत किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी को कोई ई-रिक्शा/ई-कार्डस/ई-भार वाहन का निरीक्षण करने का अधिकारी होगा।

3–अनुज्ञप्ति अधिकारी की अनुमति के बिना कोई अनुज्ञप्ति किसी अन्य व्यक्ति अथवा स्थान के नाम से परिवर्तित अथवा हस्तान्तरित नहीं किया जायेगा।

4–अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ अथवा उसके द्वारा नामित अनुज्ञप्ति अधिकारी/कर अधीक्षक लाइसेंस उपविधियों से सम्बन्धित अनुज्ञप्ति जारी करेगा और वही अनुज्ञप्ति अधिकारी होगा।

5–प्रत्येक अनुज्ञप्ति जो उपविधियों के अधीन स्वीकार किया जायेगा, उसकी अवधि प्रतिवर्ष 01 अप्रैल से 31 मार्च, के लिए होगा। अनुज्ञप्ति प्राप्त करने या नवीनीकरण कराने के लिए प्रार्थना-पत्र 31 मई तक अनुज्ञप्ति अधिकारी, नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ के कार्यालय में आवश्यक रूप से प्रत्येक रूप से प्रस्तुत करके अनुज्ञप्ति-पत्र नियमानुसार प्राप्त करना होगा। निर्धारित अवधि (31 मई से पूर्व 10 प्रतिशत की छूट दी जायेगी) के पश्चात् प्राप्त अनुज्ञप्ति करने या नवीनीकरण प्रार्थना-पत्रों पर निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त 20 प्रतिशत शुल्क देय होगा। प्रथम बार इस नई उपविधि के प्रभावी दिनांक से अगले 02 माह की अन्तिम दिनांक तक 10 प्रतिशत छूट देय होगा। तत्पश्चात् निर्धारित शुल्क पर 20 प्रतिशत सरचार्ज देय होगा।

6–इन उपविधियों का उल्लंघन करने पर अधिशासी अधिकारी/नामित अनुज्ञप्ति अधिकारी/कर अधीक्षक लाइसेंस किसी भी अनुज्ञा को निलम्बित/रद्द कर सकता है तथा बिना अनुज्ञा ई-रिक्शा/ई-कार्डस/ई-भार वाहन के संचालक के विरुद्ध विधि कार्यवाही अथवा दण्डित करने हेतु सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कानूनी कार्यवाही एवं नगरपालिका अधिनियम, 1916 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत सक्षम न्यायालय में अभियोग प्रस्तुत कर सकता है।

7–अनुज्ञप्ति अधिकारी द्वारा अनुज्ञप्ति को निलम्बित अथवा रद्द करने अथवा अन्य इस उपविधि से सम्बन्धित किसी आदेश के विरुद्ध की तिथि से 15 दिन में प्रतिवेदन अधिशासी अधिकारी के नाम प्रेषित किया जा सकता है। जिसमें अधिशासी अधिकारी का निर्णय मान्य होगा। यदि अधिशासी अधिकारी समझें तो प्रकरण बोर्ड को सन्दर्भित किया जा सकता है। जिसमें बोर्ड का निर्णय अन्तिम एवं बन्धनकारी होगा।

8–ई-रिक्शा चालक का दुर्घटना बीमा रु0 एक लाख का किया जायेगा। बीमा व्यय स्वयं पालिका द्वारा वहन किया जायेगा।

9–ई-रिक्शा पंजीकरण करते समय आवेदक को निर्धारित रूट चयनित करना होगा। निर्धारित रूट के अतिरिक्त अन्य रूट पर रिक्शा संचालन करने पर जुर्माना आदि की कार्यवाही की जायेगी।

10–ई-रिक्शा पंजीकरण करते समय पहचान-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, ई-रिक्शा सम्बन्धी अभिलेख प्रस्तुत करने होंगे।

11–ई-रिक्शा पंजीकरण उपरांत पंजीकरण नम्बर प्लेट पर पालिका द्वारा दिया गया स्लोगन अनिवार्य रूप से लगाना होगा।

12–ई-रिक्शा पर किसी भी प्रकार का विज्ञापन अंकित होने पर विज्ञापन कर जमा करना होगा।

इन उपविधियों के अन्तर्गत निम्नलिखित शुल्क देय होगा–

(1) ई-रिक्शा सवारी 05 सीटर (मय चालक) वार्षिक दर रु0 400.00।

(2) ई-रिक्शा भार वाहन वार्षिक दर रु0 600.00।

शास्ति

नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ उपरोक्त नियमावली के किसी भी नियम का उल्लंघन अथवा भंग करने वाले व्यक्ति पर रु0 800.00 अर्थदण्ड लिया जायेगा। यदि उल्लंघन निरन्तर जारी रहे तो प्रथम अभियोग के सिद्ध होने के पश्चात् रु0 50.00 अतिरिक्त अर्थदण्ड देय होगा। अर्थदण्ड करने का अधिकारी अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ में निहित होगा।

सरोज देवी,
अध्यक्ष,
नगरपालिका परिषद्, सिकन्दराराऊ,
(हाथरस)।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स "काजल रोडलाइन्स", मोहल्ला दीपा सराय, पो0 सम्भल, तह0 व जिला सम्भल (यू0पी0) नामक फर्म में दिनांक 24 फरवरी, 2020 को सुर्रे हबीब पुत्र श्री रफीक अहमद, निवासी मोहल्ला हिन्दुपुरा खेड़ा, सम्भल, तह0 व जिला सम्भल की मृत्यु हो गई है तथा दिनांक 28 फरवरी, 2020 को श्री दिलनवाज अख्तर पुत्र श्री मौ0 हुसैन व श्री सगीर अहमद पुत्र श्री जहीर अहमद रिटायर हो गये हैं तथा उक्त फर्म पर रिटायर्ड पार्टनर की कोई देनदारी व लेनदारी बकाया नहीं है तथा अब वर्तमान में तीन पार्टनर नदीप अहमद, श्री बिलाल व श्री गुलजार रह गये हैं।

नदीम अहमद,
पार्टनर,
फर्म मेसर्स "काजल रोडलाइन्स",
मोहल्ला दीपा सराय, पो0 सम्भल,
तह0 व जिला सम्भल (यू0पी0)।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स ओम प्रकाश यादव कान्स्ट्रक्शन ग्राम व पो0 पतिला गौसपुर में प्रथम पक्ष के रूप में ओम प्रकाश यादव फर्म में प्रोपराइटर थे। स्वेच्छा से फर्म से अलग हो गये हैं। अब वर्तमान में फर्म का प्रोपराइटर बाल चन्द यादव है।

बालचन्द।

NOTICE

It is to be informed to everybody that my name was Ram Prasad s/o Bal Kishan. I have changed my above name to Ram Prasad Yadav s/o Bal Kishan Yadav. Address: Vill-Parsiabujurg, Post-Pokharbhinda, P/S Farenda, Distt.-Maharajganj. Pin. 273155.

I should be known and identified by this name.

RAM PRASAD.

सूचना

मैं इन्किसार अली (Inkisar Ali) पुत्र इफ्तिखार अली फारुकी, निवासी 425/175 बिस्मिल नगर अम्बरगंज, लखनऊ वर्तमान में सेवानिवृत्त हूं मेरे समस्त प्रमाण पत्रों में इन्किसार अली अंकित है किन्तु पूर्व से ही मैं अपने प्रिय नाम इन्किसार अली फारुकी (Inkisar Ali Farooqui) के नाम से जाना व पहचाना जाता हूं, सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दोनों नाम मेरे ही हैं। भविष्य में मुझे इन्किसार अली फारुकी के नाम से जाना व पहचाना जाय।

Farooqui.

सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि मैं, शरद अग्रवाल पुत्र श्री हनुमान प्रसाद अग्रवाल, निवासी 551, झा/138, रामनगर भिलावा, आलमबाग, लखनऊ, आयु 36 वर्ष, दिनांक 07 अप्रैल, 2018 से मेसर्स शिव शक्ति पैकेजिंग सॅल्यूशन पता–134/325, बशीरतगंज, लखनऊ नामक साझीदारी फर्म से अपनी साझीदारी का परित्याग करता हूं।

अतः उक्त दिनांक के पश्चात् उपरोक्त फर्म द्वारा किसी भी किये कार्य या कार्यों के लिये किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं रहूंगा।

पूर्व पार्टनर,
शरद अग्रवाल।

पी0एस0यू0पी0–10 हिन्दी गजट–भाग-8–2020 ई0।
मुद्रक और प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।